प्रेस नोट

दिनांक 15.08.2024

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, जनपद हमीरपुर में स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास और गर्व के साथ मनाया गया।

आज, 15 अगस्त 2025 को, 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद हमीरपुर में स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास और गर्व के साथ मनाया गया। इस महत्वपूर्ण दिन पर जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों ने अपने सर्किल थानें में तथा जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थाना अध्यक्ष ने अपने-अपने थानों में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया। जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का सम्मानपूर्वक आरोहण किया और उपस्थित पुलिसकर्मियों व जनता को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं गई। ध्वजारोहण के बाद, स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद किया गया। प्रत्येक थाने में प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर, पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रगान का वादन किया और देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा की शपथ ली। अवसर पर, पुलिस बल ने न केवल स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाया, बल्कि यह भी संकल्प लिया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। जनपद के विभिन्न स्थानों पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने देशभक्ति की भावना को प्रबल किया और समाज में पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान को और भी मजबूत किया। इस प्रकार, पूरे हमीरपुर जनपद में 79वें स्वतंत्रता दिवस को एकजुटता, गर्व और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया, जिसमें पुलिस बल ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।